## कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखीमपुर खीरी।

पत्रांक:एस0एस0ए0 / उ0क0गाँ0आ0बा0वि0 / 5077-87 / 2024-25 दिनांक- 28-12-2024

### विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या- 1/570148/2024 file No.68-5099/23/2024-5 दिनांक 28.05.2024 व पत्र संख्या 68-5099/23/2024- अनुभाग 5, (बेसिक शिक्षा) बेसिक शिक्षा विभाग लखनऊ दिनांक 21.10.2024, के अनुपालन एवं जिलाधिकारी महोदया की अनुमति दिनांक 17.12.2024 के कम में जनपद लखीमपुर में उच्चीकृत 05 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारियों के निम्न रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु शैक्षिक व गैर शैक्षिक पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पूर्ण रूप से भरे हुए **आवेदन पत्र दिनांक 15.01.2025 तक** पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, खीरी रोड, लखीमपुर खीरी सायं 05 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

**(1) पद एंव अर्हता (समस्त पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित)-**

| क0 सं0 | पद | पदों की संख्या | अनारक्षित | पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | EWS | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाचार्या | 05 | 3 | 1 | 1 | — | — | प्रशिक्षित एम0ए0 | 30,000/- |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | 30 | 13 | 8 | 6 | — | 3 | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | | | | | | | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | | | | | | | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 5 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | | | | | | | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | | | | | | | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 7 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | | | | | | | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | | | | | | | प्रशिक्षित | 22,000/- |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट | 15 | 7 | 4 | 3 | — | 1 | — | 7,147/- |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/ लिपिक | 05 | 3 | 1 | 1 | — | — | — | 12,430/- |
| 11 | चपरासी | 06 | 4 | 1 | 1 | — | — | कक्षा 8 उत्तीर्ण | 7147/- |
| 12 | चौकीदार | 06 | 4 | 1 | 1 | — | — | कक्षा 8 उत्तीर्ण | 7147/- |
| 13 | रसोइया | 06 | 4 | 1 | 1 | — | — | कक्षा 8 उत्तीर्ण | 6433/- |
| 14 | पूर्णकालिक शिक्षिका अंग्रेजी (कक्षा 6 से 8) | 01 | — | — | 1 | — | — | प्रशिक्षित स्नातक | 24200/- |
| 15 | अंशकालिक शिक्षिका कम्प्यूटर (कक्षा 6 से 8) | 03 | — | — | — | 1 | 2 | प्रशिक्षित स्नातक | 12181/- |
| 16 | सहायक रसोइया (कक्षा 6 से 8) | 2 | — | 2 | — | — | — | कक्षा 8 उत्तीर्ण | 6433/- |

नोट-

- **प्रधानाचार्य पद की अर्हता**-(प्रशिक्षित)

  (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी/अंग्रेजी) अथवा एम0एस0सी0 (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षित स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।

  (2)किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ-साथ प्रथम या द्वितीय श्रेंणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेंणी की स्नातकोत्तर उपाधि

या

(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी, प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेंणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो।

- **पी0जी0टी0 हिन्दी की अर्हता–** (प्रशिक्षित)

  हिन्दी में एम0ए0 तथा संस्कृत के साथ बी0ए0 अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी

- **पी0जी0टी0 अंग्रेजी की अर्हता–**(प्रशिक्षित)

  नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि ( पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कॉलेज से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।

- **पी0जी0टी0 गणित की अर्हता–** (प्रशिक्षित)

  1–एम0ए0 अथवा एम0एस0सी0 गणित अथवा 2–गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी0ए0 (आनर्स) अथवा बी0एस0सी0 (आनर्स)

- **पी0जी0टी0 जीव विज्ञान–** (प्रशिक्षित)

  1–वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम0एस0सी0

  अथवा

  2–कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान

  अथवा

  3–कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में वनस्पति विज्ञान

  अथवा

  4–यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से एम0एस0सी0 (लाइफ साइंस)

  अथवा

  5–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कॉलेज में शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0

- **पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान–**(प्रशिक्षित)

  1–रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0

  अथवा

  2–रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी0एस0सी0 (आनर्स)

  अथवा

  3–यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकैमिस्ट्री)

  अथवा

  4–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0

- **पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान**(प्रशिक्षित)

  1–एम0एस0सी0 (भौतिक शास्त्र)

  अथवा

  2–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0

- **कम्प्यूटर विज्ञान**(प्रशिक्षित)

  1–एम0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान)

  अथवा

  2–बी0ई0 / बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से

  अथवा

  3–एम0एस0सी0 अथवा एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी0" लेविल आफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स)

  अथवा

  4–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी0जीं0 डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से

  अथवा

5–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर कोर्स, कम्पोनेन्टकनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से)

अथवा

स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेबिल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स)

- **लैब असिस्टेन्ट**

हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा

अथवा

मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ

- **कार्यालय अधीक्षक / लिपिक**

1–माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2–माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।

अथवा

कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।

अथवा

कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री

3–कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट

- **पूर्णकालिक शिक्षिका अंग्रेजी (कक्षा 6 से 8)(प्रशिक्षित)**

1. पूर्णकालिक शिक्षिका अंग्रेजी पद हेतु अंग्रेजी विषय से स्नातक, प्रशिक्षित स्नातक एंव उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 अनिवार्य है।

- **अंशकालिक शिक्षिका कम्प्यूटर (कक्षा 6 से 8)**

1. कम्प्यूटर शिक्षक/शिक्षिका के लिए प्रशिक्षित स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी0जी0डी0सी0ए0/ बी0सी0ए0/बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से "ओ लेवल"/ए लेवल डिप्लोमा आदि शैक्षिक योग्यता भी वांछित होगी।

उच्चीकृत एकेडमिक की प्रधानाचार्या जिस विषय की चयनित होगी उस विषय की पृथक से पी0जी0टी0 शिक्षिका की नियुक्ति नही की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा। सभी शैक्षणिक पदों के लिये प्रशिक्षण योग्यता होना अनिवार्य अर्हता है। उच्चीकृत एकेडमिक स्टाफ को रात्रि निवास नहीं करना होगा।

चपरासी, चौकीदार व रसोइया/सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा तथा महिला अभ्यर्थी का ही चयन किया जायेगा। विद्यालय में रात्रि निवास करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक रूप अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। पदों की संख्या बढ़–घट सकती है।

आयु–

1. प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु 01.04.2024 को 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
2. शेष पदों पर 01.04.2024 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। के0जी0बी0वी0 में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

आरक्षण– राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार देय होगा।

चरित्र– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगा।

अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंको का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

| क्र0सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X30/100 |

सत्यापन–शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के अभिलेखों के सत्यापनोपरांत ही मानदेय देय होगा।

## निर्देश एवं शर्तें

1. सभी पदों पर आवेदन हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।
3. आवेदन पत्र के साथ अपने पद की समस्त वांछित योग्यता के अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. किसी भी प्रकार के बदलाव/सुधार एवं विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास होगा। इसमें अभ्यर्थी का किसी प्रकार का दावा स्वीकार नही किया जायेगा।
5. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं विषय लिखना अनिवार्य है, लिफाफे के अन्दर नाम व पता लिखे 02 लिफाफे रखना अनिवार्य होगा जिन पर रू0 42–42 के डाक टिकट लगे हो।
6. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।
7. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित तिथि 15.01.2025 तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखीमपुर खीरी में सायंकाल 05 बजे तक स्वीकार किये जायेगें।

(प्रवीण कुमार तिवारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखीमपुर–खीरी

पृ0सं0 व दिनांक तदैव

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदया, की सेवा में अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, की सेवा में अवलोकनार्थ।
3. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, षष्ठ मण्डल लखनऊ।
4. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखीमपुर–खीरी।
5. समस्त उपजिलाधिकारी, लखीमपुर–खीरी को कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
6. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, लखीमपुर–खीरी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति व आवेदन पत्र के प्रारूप को एन0आई0सी0 की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, लखीमपुर–खीरी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–खीरी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
9. सम्पादक, हिन्दुस्तान व राष्ट्रीय सहारा को इस आशय से प्रेषित कि दैनिक समाचार पत्र में पठनीय व न्यूनतम राजकीय दरों पर विज्ञप्ति प्रकाशित करने का कष्ट करें।
10. इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखीमपुर–खीरी

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा पर चयन हेतु आवेदन पत्र
## वर्ष 2024–25

1. आवेदित पद..........................................विषय का नाम..........................................
2. अभ्यर्थी का नाम..........................................
3. पिता का नाम..........................................
4. पति का नाम..........................................
5. स्थायी पता..........................................
6. पत्र व्यवहार का पता..........................................
7. आधार नम्बर..........................................
8. मोबाइल न0..........................................
9. आरक्षण ..........................................(अद्यतन जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. जन्मतिथि अंकों में..........................................शब्दों में..........................................
11. 01 अप्रैल 2024 को आयु..........................................
12. शैक्षिक योग्यता:–

नवीनतम फोटो चस्पा करें

| क0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | संस्था का नाम | बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टर मीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक | | | | | | |
| 5 | टीईटी उ0प्रा0 स्तर | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | |

अनुभव..........................................

13. संलग्नकों की संख्या–

### घोषणा

मैं..........................................पुत्री / पत्नी..........................................यह घोषणा करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिये गये विवरण मेरी जानकारी में पूर्णतया: सत्य हैं। जाँच में कोई भी तथ्य / संकलन प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूटरचित पाये जाने पर जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया गया अंतिम निर्णय मान्य होगा।

दिनांक–

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर